# लूटी कार से गर्लफ्रेंड को ले गए लॉन्ग ड्राइव पर, पकड़े गये

**चोरी व जहरखुरानी के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**बीती 7 अगस्त को फतेहपुर जनपद से लूटी थी कार**

**गर्लफ्रेंड पर इम्प्रेशन झाड़ने को कार में बिठाकर घुमा रहा था**

**लूटी कार कमिश्नरेट सीमा में आने की सूचना पर पकड़ा**

कानपुर। जहर खुरानी करके लूटी गई कार से गर्लफ्रेंड पर इंप्रेशन झाड़ना लुटेरों को महंगा पड़ गया। शातिर लुटेरे कार से गर्लफ्रेंड को लॉन्ग ड्राइव पर ले कर निकले थे। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की सीमा में कार के आते ही वह ट्रेस हो गई और पुलिस ने जाल बिछाकर शातिर लुटेरों को दबोच लिया । पुलिस ने कार को भी बरामद कर लिया है।

बीती 7 अगस्त को जनपद फतेहपुर के थाना गाजीपुर निवासी रामस्वरूप शुक्ला की स्विफ्ट डिजायर कार जो कि उनके भाई रामहित शुक्ला चला रहे थे। लुटेरों ने रामहित शुक्ला के साथ जहरखुरानी करके कार को लूट लिया था । इसकी सूचना राम रूप शुक्ला ने पुलिस को दी और मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को लूटी गई कार पुलिस कमिश्नरेट कानपुर की सीमा में देखी गई।

कंट्रोल रूम द्वारा आरटी सेट पर संन्देश दिया गया कि एक चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार नं0 UP32 GB 5475 सनिगवां क्षेत्र में लेकर अपराधी घूम रहे है। जो चोरी की है । इस सूचना पर थाना चकेरी पुलिस ने सजारी के पास से कार को घेराबंदी करके दो अभियुक्तों को पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान फिरोज खान निवासी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर और राहुल कुमार निवासी थाना मलवा जिला फतेहपुर के रूप में हुई। कार के अंदर एक युवती भी बैठी थी जिसने बताया कि मैं राहुल की दोस्त हु। वह मुझे कार से घुमाने के लिए लाया था । कार चोरी की है यह मुझे नहीं बताया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ कर जेल भेज दिया।

अभियुक्तों के पास सेएक कार स्विफ्ट डिजायर नं0 UP 32 GB 5475,एक तमंचा 315 बोर,03 कारतूस 315 बोर बरामद हुए।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मधुर मिश्रा,उ0नि0 राकेश कुमार नादर, उ0नि0 विनीत कुमार त्यागी चौकी श्याम नगर, हे0का0 सुनील कुमार,हे0का0 विनोद कुमार,का0सुशील कुमार पाठक रि0का0 रामरतन,का0 रमनजीत शामिल रहे।